# क्या देखें सावन क्या देखें फागुण भजन लिरिक्स

क्या देखें सावन,
क्या देखें फागुण,
जब भी दिल करता,
तुमसे मिलने आ जाते हम।bd।

---

तुम्हारी याद आए तो,
दिल बैचेन हो उठता,
मनाए लाख दीवाना,
मगर रोके नहीं रुकता,
ना करता चिंता,
ना ही करे चिंतन,
जब भी दिल करता,
तुमसे मिलने आ जाते हम।bd।

---

झमेले दुनियादारी के,
यूँ ही चलते ही रहते है,
जिन्हे कहने की आदत है,
वो ये कहते रहते है,
गर्मी है ज्यादा,
है बारिश का मौसम,
जब भी दिल करता,
तुमसे मिलने आ जाते हम।bd।

---

बुलाने वाला तू ही है,
तेरी ही है मेहरबानी,
तेरे दम पर ही कर लेते,
जरा सी हम भी मनमानी,
तेरा दिया है धन,
तेरा ही तन मन,
जब भी दिल करता,
तुमसे मिलने आ जाते हम।bd।

---

हमारा स्वर्ग वो ही है,
जहाँ तेरा बसेरा है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरी चौखट पे दम निकले,
यही अरमान मेरा है,
‘सोनू’ ये जीवन,
तुझको किया अर्पण,
जब भी दिल करता,
तुमसे मिलने आ जाते हम।**bd**।

---

क्या देखें सावन,
क्या देखें फागुण,
जब भी दिल करता,
तुमसे मिलने आ जाते हम।**bd**।

**Singer – Raman Pareek**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com